हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 18 दिसंबर 2023

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 नेत्र शिविर नागरिक सेवा समिति का फॉलोअप ...



07 ईंट भट्टा संचालक नदी में पानी की मोटर डालकर खींच...



## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2750 | 4300 |
| गेहूं 1544 | 2400 | 2888 |
| चना | 5000 | 5885 |
| मसूर | 5150 | 5895 |
| सोयाबीन | 3500 | 4754 |
| सरसों | 4900 | 5800 |
| धान | 1700 | 4370 |
| तेवड़ा | 3321 | 4200 |
| मक्का | 2000 | 2020 |
| ज्वार | 3100 | 3100 |
| धनिया | 0000 | 0000 |

## गलत बात..टक्कर मारने वाली कार पुलिसवाले की थी इसलिए गंभीर घायलों की अस्पताल से की छुट्टी !



**विदिशा।** कल रात सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत भोपाल सागर हाईवे बाईपास पर बेतवा नदी के पुल के पास तेज रफ्तार कर चालक ने गुलाबगंज की ओर से सांची तरफ जा रही दो बाइक को टक्कर मार दी। दोनों बाइक पर तीन-तीन लोग सवार थे। जिनमें दो महिलाएं भी शामिल थीं। टक्कर में एक महिला सहित चार पुरुष घायल हुए। वहां से गुजर रहे राहगीरों की मदद से घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार करके उन्हें छुट्टी दे दी गई। घायलों के परिजनों ने बताया की उनके मरीज गंभीर रूप से घायल हैं किसी का पैर टूटा है तो किसी के सर में गहरी चोट है, लेकिन उनका इलाज करने की वजह उन्हें छुट्टी दे दी गई। मीडिया के दखल के बाद गंभीर घायलों का सीटी स्कैन करने के लिए जिला अस्पताल लाया गया। तब कहीं उन्हे जिला अस्पताल में ही भर्ती कराया गया और इलाज शुरू हुआ। पीड़ितों ने बताया कि आरोपी कार चालक किसी पुलिस वाले का बेटा था जो नशे में धुत था। जिला अस्पताल के डॉक्टर प्रमोद मिश्रा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में भर्ती होने के साथ जिला अस्पताल में सीटी स्कैन कराया गया है। घायल दिनेश वंशकार को गंभीर चोटें आईं हैं। रविवार की सुबह मीडिया के दखल के बाद घायलों का उपचार शुरू हुआ।

## चांद नहीं यह सूरज है...



**विदिशा।** सर्दियां आते ही दिन छोटे और रातें लंबी लगने लगती हैं। छोटे बड़े होने का कारण पृथ्वी के अपने अक्ष पर झुकाव है। पृथ्वी का अक्ष एक 23 .5 डिग्री के कोण पर झुका हुआ है। इस झुकाव के कारण सूर्य की किरणें पृथ्वी की सतह पर अलग अलग कोणों में पड़ती हैं। जब सूर्य की किरणें पृथ्वी की सतह पर सीधी पड़ती हैं तो दिन सबसे लंबा होता है। इस स्थिति को ग्रीष्म संक्रांति कहा जाता है। भारत में ग्रीष्म संक्रांति 21 जून को होती है। इस दिन उत्तरी गोलार्द्ध में दिन सबसे लंबा होता है और रात सबसे छोटी होती है। जबकि सर्दियों में शाम छह बजने से पहले ही अंधेरा होना शुरू हो जाता है। जबकि गर्मियों में सात बजे तक सूरज की रोशनी रहती है। तस्वीर में दिख रही गोल रोशनी चांद की नहीं सूरज की है। शाम 5 बजकर 30 मिनट पर सूर्य अस्त होने से पहले लिया गया चित्र। **फोटो**-शाहिद अहमद

## मौसम विभाग को 19 के बाद बारिश होने के मिल रहे संकेत



**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** आसमान में घने बादलों का डेरा और पूर्वी हवा की मौजूदगी से आने वाले दिनों में बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं। 19 दिसंबर के बाद बारिश होने की संभावना है।

रविवार सुबह से आसमान में और ज्यादा घना कोहरा छाए रहने की आशंका है। इससे आने वाले कुछ दिनों में रात का तापमान बढ़ने और दिन का कम होने की स्थिति बन रही है। इस समय आर्द्रता भी लगातार बढ़ रही है। ऐसे मौसम में बकरियों में निमोनिया और गाय-भैंसों में खुरपका और मुंहपका रोड बढ़ने की आशंका है। रविवार को न्यूनतम तापमान 9 और अधिकतम तापमान 23 डिग्री दर्ज किया गया। इससे एक दिन पहले न्यूनतम तापमान 11 और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। इस संबंध में कृषि महाविद्यालय सीहोर के मौसम वैज्ञानिक डा.एसएस तोमर ने बताया कि फिलहाल 19 दिसंबर तक बारिश होने की संभावना नहीं है। जबकि इसके बाद बारिश होने के संकेत मिल रहे हैं। पूर्वी हवाओं से आने वाले कुछ दिनों में बारिश हो सकती है।

### जल जीवन मिशन का जिन्न गर्मियों में ही बोतल से बाहर आता है

# इस साल अल्प वर्षा का गर्मियों में दिखेगा असर, प्रशासन के पास ठोस योजना नहीं

**कैसे पहुंचेगा हर घर शुद्ध जलः** 150 से अधिक नल जल योजनाएं बंद पड़ी हैं, जिले में 595 स्वीकृत हैं

इस साल हुई अल्प वर्षा का असर आने वाली गर्मियों में दिखाई देगा। प्रशासन ने भी चिंता नहीं की तो यह अनदेखी आने वाले दिनों में भारी पड़ सकती हैं। हलाली से पानी लाने की योजना को प्रशासन को प्राथमिकता से लेना होगा तभी गर्मियों में शहरवासियों को पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

- अबकी गर्मियों में ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण जलसंकट के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अभी सर्दियां चल रहीं हैं। लेकिन इस साल हुई अल्प वर्षा के कारण पानी की कमी महसूस की जा रही है। गर्मियों में वैसे तो हर साल जल संकट गहराता है, लेकिन इस बार स्थिति अधिक खराब होने की आशंका है। जिस पर प्रशासन को अभी से ध्यान देना होगा।

जल जीवन जैसे योजनाओं का जिन्न गर्मियां आते ही चिराग से बाहर आ जाता है और आनन फानन में व्यवस्थाएं करना पड़ती हैं। इसके बाद भी कई योजनाएं बंद रह जाती हैं। शहर में घर घर पानी पहुंचाने के लिए 35 किमी दूर हलाली से पानी लाने की योजना है। टेंडर और वर्क ऑर्डर हो चुके हैं, लेकिन अभी तक काम शुरू नहीं हो सका है। बेतवा नदी में अभी से पानी कम हो गया है। हलाली से छोड़े गए पानी के कारण अभी बेतवा का जलस्तर बढ़ गया है, लेकिन गर्मियों में नदी पूरी तरह से सूख जाती है। ऐसे में हलाली से पानी लाने के लिए 70 करोड़ रुपए की योजना को तत्काल शुरू करना होगा। तभी आने वाली गर्मियों में शहर के लोगों को पर्याप्त पानी मिल सकेगा। हलाली से पानी लाने की योजना के साथ ही शहर में छह नई पानी की टंकियों का भी निर्माण कराया जाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में अभी भी गांव के लोग हैंडपंपों और कुओं पर ही निर्भर हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं योजनाएं बंद पड़ी हैं तो कहीं मोटर खराब पड़ी हैं। गांवों में टंकियां सालों से बनकर तैयार हैं कहीं महीने दो महीने योजनाओं से पानी की सप्लाई हुई तो कहीं लाइनों के पास चोरी हो चुकी हैं।

### जिले में 595 नल जल योजनाएं स्वीकृत हैं

इस साल मार्च में जारी किए गए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के आंकड़ों पर गौर करें तो ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 342 नल जल योजनाएं स्थापित हैं। मार्च में इनमें से 288 योजनाएं चालू बताई गईं थी। जल जीवन मिशन कार्यक्रम के तहत जिले में कुल 595 नल जल योजनाएं स्वीकृत हैं। उनमें रेट्रोफिटिंग योजना के तहत 255 व नवीन 340 शामिल हैं। कुल योजनाओं में 172 पूर्ण बताई गईं थीं और 227 प्रगतिरत होना दर्शाया गया। जबकि 196 विभिन्न कारणों से बंद होने की बात सामने आई। मार्च माह में ही जनजागरण यात्रा निकाली निकाली गई। जिसमें बेतवा परिक्रमा करने वाले डॉक्टर आरके पालीवाल ने कहा की देश की 80 प्रतिशत नदियां नाला बन चुकी हैं। बेतवा के भी कुछ इसी तरह के हाल हैं। शहर के नाले बेतवा में मिल रहे हैं। शहर के चोर घाट नाले को बेतवा में मिलने से रोकने की बात को कही जा रही है, लेकिन काम अभी तक शुरू नहीं हुआ।

### जगह जगह फूटी पड़ी पानी की लाइन

शहर में जगह जगह पानी की लाइनें फूटी पड़ी हैं तो कहीं नलों में टोंटियां नहीं हैं। शहर में भी कई स्थान ऐसे हैं जहां पर सड़कों के नीचे से पानी ऊपर बुलबुले छोड़ता है। नल आते ही सड़कों पर पानी फैलने लगता है। नगरपालिका को ऐसा स्थानों को चिन्हित कर यहां की लाइनों को दुरुस्त कराना चाहिए। जिससे पानी की बर्बादी न हो। क्योंकि नपा को खुद साल में तीन बार हलाली से पानी खरीदना पड़ता है।

## तीन अधिकारियों को शोकॉज नोटिस जारी

**20 दिसंबर तक उपस्थित होकर जवाब देने के लिए कहा गया है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विकसित भारत संकल्प यात्रा में लापरवाही करने पर जिला पंचायत सीईओ एवं यात्रा के ग्रामीण जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट ने तीन अधिकारियों को नोटिस जारी कर दिया है। सबको 20 दिसम्बर तक उपस्थित होकर जवाब देने के लिए कहा गया है।

जिला पंचायत सीईओ डॉ योगेश भरसट ने बताया की ग्यारसपुर जनपद पंचायत के उपयंत्री दिनेश त्यागी को ग्राम ओलिंजा में नोडल के रूप में दायित्व सौपे गए थे, लेकिन उनके द्वारा आयोजन समय दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक नियत समय अवधि के पूर्व कार्यक्रम का समापन कर दिया गया। जिस कारण से जनप्रतिनिधि व सम्माननीय नागरिकगण उपस्थित नहीं हो सके। उन्हे शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। ग्यारसपुर जनपद पंचायत के ही उपयंत्री बीजी अहिरवार नोडल अधिकारी द्वारा ग्राम धतूरिया में सुबह 10 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ किया जाना था। लेकिन आईईसी प्रचार वाहन सुबह 11 बजे धतूरिया पहुंचा। जबकि वाहन 10 बजे पहुंचना था। वाहन चालक से समन्वय स्थापित कर पूर्व से वाहन नहीं बुलाया गया। उक्त कृत्य सौंपे गए पदीय दायित्व के निर्वहन में घोर लापरवाही का घोतक पाए जाने पर श्री अहिरवार को भी शोकॉज नोटिस जारी किया गया है।

रविवार को नटेरन जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत रावन व खाईखेड़ा में उक्त दोनों ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के दौरान प्रभारी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकरी मिताली मेहरा अनुपस्थित रहे। जिसकी जानकारी जनपद सीईओ द्वारा अवगत कराए जाने पर श्रीमती मेहरा को शोकॉज नोटिस जारी किया गया है।

## चोरों ने मोटर वायरिंग की दुकान को बनाया निशाना

**ताला तोड़कर लगभग 96 हजार रुपए का तार चोर कर ले गए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ हैदरगढ़

थाना हैदरगढ़ के अंतर्गत बरवाई रोड पर थाने से लगभग 400 मीटर की दूर मां नर्वदा मोटर वायरिंग की दुकान को रात के समय अज्ञात चोरों ने निशाना बना लिया। ताला तोड़कर लगभग 96 हजार रुपए का तार चोर कर ले गए। दुकान मालिक माधोसिंह धाकड़ ने बताया की रात 10 बजे दुकान बंद करके घर चले गए थे। सुबह आकर देखा की दुकान के ताले टूटे हुए पड़े हैं।

पुलिस ने दुकान के पीछे जाकर देखा तो खाली कार्टून ही पड़ा हुआ मिला। 75 हजार का नया तार है और 21 हजार के लगभग पुराना कटा हुआ तार दुकान में रखा था। इस संबंध में थाना प्रभारी राजेश मिश्रा ने बताया की डॉग व फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट को बुलवाकर जांच कराई। अज्ञात चोरों वा मामला दर्ज किया गया है।

## आत्मनिर्भर की दिशा में आगे बढ़ रहा मप्रः विधायक टंडन

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायत में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिले को आवंटित की गई आईईसी प्रचार रथ भी इन ग्रामों में पहुंचे। प्रचार रथ पर लगाई गई एलईडी के माध्यम से भारत सरकार द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार ही नहीं किया गया। बल्कि अधिक से अधिक संख्या में ग्रामीण जन इन योजनाओं का लाभ उठाएं के लिए विशेष पहल की गई है।

ग्यारसपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत एरन में नवनिर्वाचित विदिशा विधायक मुकेश टंडन समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा कलेक्टर उमाशंकर भार्गव की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामीणजनों जिन्हें शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना समेत विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित होने पर हितग्राहियों द्वारा कार्यक्रम में स्वयं ही मेरी कहानी मेरी जुबानी सुनाई गई। कैसे पूर्व में हितग्राही कच्चे मकान में निवास करते थे। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलने से उनका पक्का मकान बनाकर तैयार हो गया है और वह अब पक्की छत के नीचे निवास कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया।




विदिशा। कार्यक्रम को संबोधित करते विदिशा विधायक मुकेश टंडन।

## मोतियाबिन्द शिविर में 425 मरीजों की जांच


विदिशा। अग्रवाल धर्मशाला में निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में 425 मरीजों ने जांच कराई। सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक शिविर में 72 मरीजों का मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए चयन किया। जिन्हे बस से बैरागढ़ नेत्र सेवा सदन भेजा। शिविर का शुभारंभ पूर्व विधायक शशांक भार्गव, समाजसेवी अतुल शाह ने किया। संचालन चंद्र मोहन अग्रवाल एवं आभार राज अरोरा ने माना।

## राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा में 855 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

मध्यप्रदेश राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार 17 दिसम्बर को दो सत्रों में जिले के चार परीक्षा केन्द्रों पर एक साथ आयोजित की गई।

इन केन्द्रों पर कुल 2142 परीक्षार्थियों को शामिल होना था लेकिन प्रथम सत्र के प्रश्न पत्र में 1720 परीक्षा उपस्थित हुए। जबकि 422 परीक्षा अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार द्वितीय सत्र के प्रश्न पत्र में 1709 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी तथा 433 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर सहित अन्य अधिकारियों के द्वारा जिले के परीक्षा केंद्रों में पहुंचकर निरीक्षण किया। संयुक्त कलेक्टर एवं परीक्षा के नोडल अधिकारी विष्णुप्रसाद यादव ने बताया कि जिले में परीक्षा पूर्ण रूपेण निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हुई है।



विदिशा। केंद्र से बाहर निकलने के बाद आपस में चर्चा करते परीक्षार्थी

### यातायात विभाग को मिली इंटरसेप्टर गाड़ी, मिर्जापुर चौराहे पर होती है वाहनों की जांच

## ट्रेस हो सकेंगी नियम तोड़ने वाली गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

तमाम जागरूकता अभियान के बाद भी वाहन चालक सुधरने को तैयार नहीं है और यही कारण है कि अंधी रफ्तार के कारण सड़क हादसों में मरने वालों का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है।

अब पुलिस वाहनों की बढ़ती स्पीड को काबू में करने के लिए मॉडर्न तरीके से मुस्तैद हो गई है। यातायात विभाग की टीम में इंटरसेप्टर गाड़ी को शामिल किया गया है। यह इंटरसेप्टर गाड़ी दूर से आ रही तेज रफ्तार वाहनों की रफ्तार बता देती है। इन दिनों विदिशा जिले में अंधी रफ्तार के कारण सड़क हादसों के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

सड़क हादसों को कम करने को लेकर पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली। पुलिस मुख्यालय से यातायात विभाग को इंटरसेप्टर कार मिली है, जिससे वाहन चेकिंग की जाती है। यह इंटरसेप्टर कार करीब 1 किमी दूर से ही वाहनों की तेज रफ्तार का और वाहनों की नंबर प्लेट ट्रेस करने में सक्षम हैं। जिसमें तेज गति से चलने वाले वाहनों को पकड़ने एवं उन पर चालानी कार्रवाई करने में आसानी रहती है। कार में लेजर स्पीड गन, पॉवर यूनिट, प्रिंटर यूनिट एवं एनपीआर सिस्टम लगे हैं। जिससे रात के समय भी तेज गति से चलने वाले वाहनों की नंबर प्लेट भी ट्रेस की जा सकती है। स्पीड गन के माध्यम से लेजर किरणों द्वारा तेज गति से चलते हुए वाहन की गति भी पता चलती है।

इसके साथ ही वाहन के वीडियो व फोटो भी निकाले जा सकते हैं, जिससे तेज गति से चलने वाले वाहन पर कार्रवाई की जा रही है। यह गाड़ी अलग अलग रास्तों पर खड़ी करके तेज रफ्तार वाले वाहनों की पहचान कर चालान किया जा रहा है। जहां प्राइवेट कारों पर 1 हजार रुपये तो वहीं कमर्शियल वाहनों पर 3 हजार रुपये जुर्माना वसूल किया जाता है।

### हाईवे पर चैक करते हैं वाहनों की रफ्तार

मुख्यालय द्वारा यह कार यातायात विभाग को मिली है। इन दिनों सबसे ज्यादा सड़क दुर्घटना है तेज गति और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से हो रही हैं जिससे कई बार वाहन चालकों की मौत हो जाती है। इंटरसेप्टर वाहन में लगे स्पीड रडार गन के प्रयोग से तेज गति से वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करने में यातायात विभाग को आसानी हो रही है, अभी हाईवे पर वाहनों की रफ्तार चेक की जा रही है और उनके ऊपर जुर्माना किया जा रहा है। बताया गया कि नगरपालिका क्षेत्र में जहां 30 की स्पीड तो वहीं नगरपालिका क्षेत्र के शहरी क्षेत्र के बाहर 40 की स्पीड है तो वहीं 2 लेन पर 80 की स्पीड, फोरलेन पर 100 की स्पीड और एक्सप्रेसवे पर 120 की अधिकतम स्पीड तय है। मिर्जापुर बाइपास पर वाहनों की जांच होती है।

## खबर संक्षेप

### मेले में होंगी खेलकूद प्रतियोगिताएं

**गंजबासौदा।** आगामी 25 दिसम्बर से आयोजित होने वाले श्री रामलीला मेले के दौरान नगरपालिका द्वारा नवीन बस स्टेण्ड परिसर में खेलकूद प्रतियोगिताएं भी सम्पन्न कराई जाएंगी। ज्ञात हो कि नवीन बस स्टैंड परिसर बरेठ रोड पर 25 दिसम्बर से 14 जनवरी तक किया जाएगा। इस दौरान नगर पालिका द्वारा 05 जनवरी को कुश्ती (महिला एवं पुरूष वर्ग), 06 जनवरी को कबड्डी (महिला एवं पुरूष वर्ग), दिनांक 07 जनवरी को खो-खो (बालक एवं बालिका वर्ग स्कूल लेवल), दिनांक 08 जनवरी एवं 09 जनवरी को बॉलीबाल (शूटिंग) एवं शतरंज प्रतियोगिता विद्यालय स्तरीय एवं (ओपन) का आयोजन किया जाना है। समस्त प्रतियोगिताओं विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को दिनांक 14 जनवरी को नगद राशि, ट्राफी एवं प्रमाण पत्र मेला समापन पर प्रदान किया जाएगा। मेला समिति द्वारा प्रतिभागिता करने हेतु स्कूल, कालेज और खेल संस्थानों को 31 दिसम्बर तक पंजीयन सूची नगरपालिका कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

### सद्गुरु सेवा संघ का नेत्र शिविर संपन्न



**गंजबासौदा।** गत दिवस सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर द्वारा स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से ग्यारसपुर में निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजित किया गया। जिसमें डॉ. ब्रज शर्मा, डॉक्टर सुनील जैन लगभग 580 मरीजों के नेत्र परीक्षण किए वहीं गोलू राठौर, कैंप प्रभारी धर्मेन्द्र जादौन, धर्मेंद्र कुर्मी, मिलन बघेल ने भी रक्त परीक्षण शुगर परीक्षण एवं बीपी की जांच कर सहयोग प्रदान किया। शिविर का शुभारंभ डॉ. ब्रज शर्मा, सुनील बाबू पिंगले द्वारा स्वर्गीय रणछोड़दास के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की एवं नेत्र चिकित्सकों का पुष्पहार से स्वागत किया। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि शिविर में 197 मरीजों को मोतियाबिंद चिन्हित किया गया, 77 लोगों को चश्मे के नंबर निकालने की सलाह दी गई, 51 लोगों को चश्मा प्रदान किए गए। वहीं 255 मरीजों को दवाइयां का वितरण भी किया गया।

### देर तक लगा रहा जाम

**गंजबासौदा।** सोमवार को शाम के समय नगर के व्यस्ततम मार्ग पचमा बायपास मार्ग पर भारी वाहनों के फंस जाने से जाम लग गया। जिससे दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहन चालकों को जाम हटने के लिए देर तक जाम में फंसकर जाम हटने के इंतजार में परेशान होना पड़ा। ज्ञात हो कि इस मार्ग पर यातायात का दबाव रहता है।

## श्रीराम लीला मेला में लगने लगे झूले...



गंजबासौदा। आगामी 25 दिसम्बर से आयोजित होने वाले श्री रामलीला मेले की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। मेले में लगने के लिए बाहर से झूले आ चुके हैं जिन्हे लगाया जा रहा है। फोटो- राजा छारी

### हलाली डैम से पानी आने पर लबालब हुआ बेतवा का स्टापडेम

# नगरपालिका ने हटाया रामलीला मेला ग्राउंड से अतिक्रमण, दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



आगामी 25 दिसंबर से आयोजित होने जा रहे नपा के श्रीराम लीला मेले के आयोजन को लेकर रविवार को नपा प्रशासन ने रामलीला मेला ग्राउंड से अतिक्रमण हटाया। इस दौरान करीब दो दर्जन गुमठियों को जेसीबी एवं हाइड्रा मशीन की मदद से हटवाया गया। साथ ही अन्य दुकानदारों को भी अतिक्रमण न करने की समझाइश दी।

उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष नपा का रामलीला मेला नए बस स्टैंड के पास रामलीला परिसर में लगाया जाता है। इस वर्ष इस परिसर में अस्थाई गुमठियां रखकर बडे पैमाने पर अतिक्रमण किया गया था। जिससे मेला आयोजन को लेकर जगह की परेशानी खडी हो रही थी। इस कारण रविवार को नपा प्रशासन ने मेला आयोजन के पूर्व अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। प्रशासनिक अमले के साथ पहुंची नपा की टीम ने मेला परिसर में रखी सभी अस्थाई गुमठियों को हटाना शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ गुमठियों को जेसीबी से हटवाया गया, वहीं कुछ को हाइड्रा की मदद से हटवाकर परिसर को अतिक्रमण मुक्त कराया गया और अन्य दुकानदारों को समझाइश दी गई कि मेला परिसर में अतिक्रमण न करें। अब सोमवार से नगरपालिका द्वारा चूने की लाइन डालकर मेले में लगने वाली दुकानों के लिए जगह का आवंटन किया जाएगा।

### डेम के पानी से नदी का स्टापडेम हुआ लबालब



गंजबासौदा। बेतवा नदी में जलस्तर कम होने पर नगर में जलापूर्ति की व्यवस्था प्रभावित होने का अंदेशा था। जिसको लेकर पिछले दिनों नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव ने कलेक्टर उमाशंकर भार्गव से चर्चा कर नदी में डेम से पानी छुडवाने की मांग की थी। ताकि नगर में जलसंकट की स्थिति निर्मित न हो सके। इस चर्चा के बाद पिछले दिनों सगड बांध और हलाली डेम से बेतवा नदी में पानी छोडा गया। जिससे अब बेतवा नदी का जलस्तर करीब तीन फीट बढ गया है और जलापूर्ति के लिए बनाया गया डेम भी लबालब हो गया है। अब उम्मीद है कि आगामी चार माह तक नगर को पर्याप्त जलापूर्ति हो सकेगी।

## मुख्य मार्गों से निकली राम बारात



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्राम हथौड़ा स्थित बालाजी मंदिर में विवाह पंचमी के उपलक्ष्य में श्री राम बारात निकाली गई। जो मंदिर से शुरु होकर नगर के मुख्य मार्गों से भ्रमण उपरांत मानस भवन (जनकपुरी) पहुंची जहां विश्राम हुआ। राम बारात में भगवान श्रीराम, सीता, लक्ष्मण, राधा, कृष्ण, शिव, पार्वती की सजीव झांकियां सजाई गई थीं जो रथों में सवार होकर चल रहीं थीं। वहीं महिला, पुरुष श्रद्धालु रथों के आगे, पीछे झण्डा लिए हुए, भगवान के भजन गाते चल रहे थे। श्रीराम बारात का अनेक स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान मंदिर के पुजारी पंडित राजा महाराज सहित अनेक संत, महात्मा और बडी संख्या में महिला, पुरुष श्रद्धालुगण मौजूद थे।

## भारतीय किसान संघ की बैठक में बनाई योजनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




भारतीय किसान संघ का सदस्यता अभियान देश के सभी राज्यों के साथ मध्यप्रदेश में भी प्रारम्भ हो गया है। अलग अलग जिलों में अधिक से अधिक किसानों को भारतीय किसान संघ की सदस्यता दिलाई जाएगी। संगठन ने इस बार समाज के सभी वर्गों सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी, वकील, डॉक्टर, पत्रकार, व्यापारी व समाज के हर वर्ग जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से खेती से जुड़े हैं। उनको संगठन का सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।

सदस्यता शुल्क 10 रुपए रखी गई है, हर तीन वर्ष में होने वाले इस सदस्यता अभियान में भारतीय किसान संघ ने इस बार पूरे प्रदेश में 15 लाख से अधिक सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।आज विदिशा जिले का 1 लाख सदस्यता का लक्ष्य पूरा करने के लिये गंज बासौदा तहसील में मुरादपुर मंदिर पर बैठक कर बालाजी सरकार को सदस्य बनाकर सदस्यता का शुभारंभ किया गया एवं लक्ष्य को पूरा करने की योजना बनाई गई। यह अभियान 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक चलाया जाएगा। बैठक में जिला कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, जिला कार्यकारिणी सदस्य पूरन सिंह रघुवंशी, तहसील अध्यक्ष महेंद्र सिंह रघुवंशी, तहसील उपाध्यक्ष भगत सिंह, जसवंत सिंह, भवानी शंकर शर्मा, महेश साहू, किशोर सिंह दांगी, ज्ञान सिंह लोधी, अवधेश श्रीवास्तव, भूपेंद्र सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे।

### फरवरी माह में पटना में होगा प्रतियोगिताओं का आयोजन

# नवांकुर के चार विद्यार्थी राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

67 वीं राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 16 दिसंबर तक सागर में किया गया। जिसमें नवांकुर के आठ विद्यार्थी तथा डॉल्फिन की निमिषा तिवारी ने सहभागिता की। इनमें से चार प्रतिभागियों का चयन राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है। 9 प्रतिभागियों में शामिल अंडर-19 में दीप्ति प्रजापति ने ट्रिपल जंप और 4 गुणा 100 मीटर रिले दौड़ में गोल्ड मेडल, नैना कुशवाह हैमर थ्रो में सिल्वर मेडल, अमर जोशी 110 मीटर हर्डल में सिल्वर मेडल तथा अंडर 17 में डॉल्फिन की निमिषा तिवारी ने हैमर थ्रो में सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

उपर्युक्त चारों विद्यार्थी न केवल अध्ययन में मेधावी हैं, बल्कि खेलों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किये। ये विद्यार्थी परीक्षा में सदैव 80% से अधिक अंक प्राप्त करते आए हैं। इन्होंने अपने प्रदर्शन से यह साबित कर दिया है कि खेलों में प्रतिभागिता करने से अध्ययन कार्य में कोई बाधा नहीं होती। अब ये विद्यार्थी राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। अंडर-19 राष्ट्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन महाराष्ट्र के चंद्रापुर में दिनांक 26 से 31 दिसंबर तक किया जाएगा। अंडर-17 राष्ट्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन पटना (बिहार) में फरवरी माह में किया जाएगा। इस आयोजन में शामिल अन्य प्रतिभागियों में अदिति राजपूत ने डिस्कस थ्रो शॉट पुट थ्रो में ब्रांच मेडल प्राप्त किया। अन्य प्रतिभागी छात्र-छात्राओं गौरव कुशवाह, दीपेश मैना, प्रज्ञा सक्सैना व देव शर्मा ने भी उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। उपर्युक्त विद्यार्थियों की सफलता में विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी विजय शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जो छात्रों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए न केवल प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि स्वयं भी खिलाड़ियों के साथ कठोर परिश्रम करते हैं। सुबह राज्यरानी एक्सप्रेस से खिलाड़ियों का दल गंज बासौदा में लौटा, तो रेलवे स्टेशन पर खिलाड़ियों, कीड़ा प्रभारी विजय शर्मा तथा ट्रेन में सवार अन्य जिलों के प्रतिभागियों का भी हार पहना कर तथा मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता खिलाड़ियों और उनके अभिभावकों को बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

वहीं राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने नवांकुर की छात्रा निशिका लखनऊ रवाना हुई। उधर अंडर-14 राष्ट्र स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन 15 से 21 दिसंबर तक लखनऊ में किया जा रहा है, जिसमें भाग लेने के लिए विद्यालय की कक्षा 9 की छात्रा निशिका रघुवंशी पुत्री बृजेश रघुवंशी डिस्कस थ्रो में भाग लेने के लिए लखनऊ पहुँच चुकी हैं।

### नेशनल प्लेयर के नगर वापसी पर हुआ स्वागत

**गंजबासौदा।** सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सैकेण्डरी स्कूल की खो-खो खिलाड़ी रानू दांगी का नेशनल खो-खो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शहर वापसी पर स्वागत किया गया। खेल अधिकारी एवं रानू के कोच कपिल गौड़ ने बताया कि रानू का राज्य स्तर राजगढ़ में आयोजित



खो-खो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर मप्र टीम में चयन हुआ था। 12 दिसम्बर से नासिक महाराष्ट्र में आयोजित राष्ट्रीय खो-खो प्रतियोगिता में रानू दांगी ने प्रदेश की टीम की ओर से श्रेष्ठ प्रदर्शन किया, वहां पर उत्कृष्ट खेल के लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया। रविवार को नगर आगमन पर संस्था के डायरेक्टर केएस यादव, प्राचार्य उमेशचंद्र यादव, कृष्ण पाल सिंह चौहान, मनोज श्रीवास्तव, राज सोनी, रानू के परिजनों सहित साथी खिलाड़ियों ने स्टेशन पहुंच कर पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया एवं रानू दांगी को शुभकामनाएं दी।

### चिकित्सा शिविर में जांच कर दी गई सलाह

**गंजबासौदा।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर कूल्हन में आयुर्वेद चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शासकीय आयुर्वेद औषधालय मसूदपुर के डॉक्टर शिवाजी चतुर्वेदी ने छात्र, छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें सर्दी, खांसी, सिरदर्द, पेट दर्द, खुजली, कमजोरी, चक्कर आना आदि रोगों की आयुर्वेदिक औषधियाँ दी गई तथा स्वस्थ्य रहने के उपाय बताए तथा पर्याप्त स्वच्छता और भोजन में हरी साग, सब्जियों को अधिक खाने और पानी अधिक पीने तथा तेल, नमक और शक्कर कम खाने की सलाह दी गई। महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुषमा चौहान ने छात्राओं को और ग्रामीण महिलाओं को उनकी समस्याओं को सुनकर समस्याओं का समाधान किया और आयरन युक्त तथा विटामिन सी युक्त आहार का महत्व समझाया। अदरक, हल्दी, अजवाइन, मैथी, आंवला और हरी साग, सब्जियों का उपयोग करने की सलाह दी गई।

## नेत्र शिविर नागरिक सेवा समिति का फॉलोअप शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को नेत्र शिविर नागरिक समिति एवं सिंधी समाज के संयुक्त तत्वाधान में सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय द्वारा हितकारिणी धर्मशाला में द्वितीय फॉलोअप शिविर आयोजित किया गया। जिसमें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय की डॉक्टर तमन्ना श्रीवास्तव ने 65 नेत्र रोगियों में से 48 नेत्र रोगियों की री चेकिंग कर निशुल्क दवाइयां, 48 लोगों को ही निशुल्क चश्मे दिये गये। इस मौके पर नेत्र शिविर नागरिक समिति के अध्यक्ष कांति भाई शाह ,सचिव सुरेश कुमार तनवानी, राम गोपाल गुप्ता, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, ,प्रकाश माहेश्वरी, रामबाबू दुबे सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। अगला नेत्र शिविर का कैम्प सोमवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक हितकारिणी धर्मशाला में ही लगाया जाएगा। जिसमें नेत्र रोगियों से अधिक से अधिक संख्या में लाभ लेने की अपील की है।

### वेदांत आश्रम के छात्रों का संभाग स्तर पर चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

संत जगन्नाथ दास संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वेदांत आश्रम जीवाजीपुर के छात्रों ने संभाग स्तरीय बाल रंग वेद पाठ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इनमें कनिष्ठ वर्ग के छात्र संस्कार शर्मा ग्राम नानपुर एवं वरिष्ठ वर्ग के छात्र हर्ष शर्मा दुर्गा नगर विदिशा ने अपने माता-पिता एवं वेदांत आश्रम का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बाबू रघुवंशी ने छात्रों को शुभ कामनाएं देते हुए आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए दिशा निर्देश दिए।

## संस्कृत ग्राम झिरी के जैसा ही होगा बासौदा भी होगा संस्कृत नगर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सीएम राइज विद्यालय में सदस्यता अभियान के विषय में संस्कृत भारती की नगर बैठक का आयोजन नगर संयोजक सौरभ खटीक व भूपेन्द्र सेन के नेतृत्व में किया गया। जिसमें संस्कृत भाषा के महत्व को समझाते हुए सौरभ ने कहा, कि अगर इसी प्रकार सभी कार्यकर्ता मन लगाकर संस्कृत भाषा में रूचि दिखाते रहे तो वह दिन दूर नहीं जब हम अपने वेदों का सटीक अध्ययन कर भारत को पुनः विश्वगुरू व संस्कृत गांव झिरी के समान ही नगर गंज बासौदा को भी संस्कृत नगर बनाऐंगे। बैठक में भारती साहू को नगर सह संयोजिका, चारू तिवारी कोष प्रमुख, हर्षित दुबे छात्र प्रमुख, मानसी गोस्वामी सह छात्र प्रमुख, सपना सेन सम्पर्क प्रमुख, शिवकुमारी कुशवाह मीडिया प्रभारी, विपिन पंथी सोशल मीडिया प्रभारी व प्रीतम सिंह दॉगी को खंड संयोजक बनाया गया। इनके अतिरिक्त लगभग 50 कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। संस्कृत भारती सदस्यता अभियान जारी है। संस्कृत भाषा में रूची रखने वाले नागरिक मोबाइल नंबर पर 9755231427 पर सम्पर्क कर संस्कृत भारती की सदस्यता प्राप्त कर सकते हैं।

## ग्राम ककरावदा में सात दिवसीय रासेयो शिविर हो रहा आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम ककरावदा में संचालित है। शिविर में शिवानी जायसवाल ने अपने विभिन्न शिवरों के अनुभवों को साझा किया। सृष्टि तिवारी द्वारा एनएसएस के दर्शन के बारे में बताया गया, सचिन अहिरवार द्वारा राष्ट्रीय साहसिक शिविर के अनुभव साझा किए गए। बौद्धिक सत्र में सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव द्वारा भारतीय संस्कृति एवं दर्शन पर व्याख्यान दिया गया, नेहल ओझा, पूर्णिमा, चारु राजपूत द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई । स्वयंसेवकों द्वारा नशा मुक्ति हेतु दीवारों पर नारे लेखन किया। हार्टफुलनेस संस्था के आशीष शर्मा द्वारा ध्यान एवं योग का अभ्यास कराया गया। प्रभु सिमरन समिति के सदस्य उमंग वर्मा, कार्तिक महलवार, शिवम कुशवाहा, संजू सोलंकी, मयंक महलवार, नमन तरण, प्रथम महलवार, ज्योतिर्मय ताम्रकार द्वारा सुंदरकांड का आयोजन किया गया। अरविंद सूर्यवंशी को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संचालन कार्यक्रम अधिकारी दिनेश ओझा द्वारा किया गया। शिविर में आलोक नायक, अश्वनी मिश्रा, महेंद्र सिंह राजपूत, बसंत राठौर, दिनेश ठकरेले, सुनील शर्मा, संजीव साध्य, वरुण श्रीवास्तव, राम सांगलिकर, हरिओम लोधी विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्वयंसेवकों को हनुमान मंदिर सिरनोटा का भ्रमण कराया गया। रोहित रजक द्वारा महात्मा गांधी का भेष धारण कर तिरंगा यात्रा निकाली गई।

## खबर संक्षेप

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों की गूंज-अनुगूंज कार्यक्रम की प्रस्तुति आज

**सागर।** सम्पूर्ण म.प्र. सहित सागर में सरकारी स्कूलों के छात्र छात्राओं के सांस्कृतिक कार्यक्रम अनुगूँज का शुभारंभ महाकवि पद्माकर सभागार मोतीनगर में सोमवार को सायकाल 4 बजे से प्रारंभ होगा। अनुगूंज कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों सहित संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत, कलेक्टर दीपक आर्य, नगर निगम कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पी.सी. शर्मा, संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मनीष वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, डॉ महेंद्र प्रताप तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। सागर नगर के सभी सरकारी विद्यालयों के 626 छात्र-छात्राओं ने अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेंगे।

### सामुदायिक शौचालय में बनाई लोगों ने रंगोली

**रहली।** नदी वार्ड नम्बर 08 में नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी के निर्देश पर नपा रहली द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया गया जिसमे केयर टेकर के माध्यम से सामूदायिक शौचालय की साफ सफाई कर वहा पर सौन्दर्यरिकरण करवाया गया। साथ सामुदायिक शौचालय में स्थानीय लोगो ने सहभागिता करते हुयररंगोली बनाकर शौचालय को सजाया। महेश ठाकुर ने बताया कि प्रत्येक वार्ड में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छ नगरपालिका बनाने लगातार कार्य किया जा रहा है।

### धार्मिक स्थल से लाउड स्पीकर हटाने के दिए निर्देश डीजे पर रहेगा पूर्णतः प्रतिबंध

**रहली।** नव निर्वाचित मुख्यमंत्री मोहन यादव के निर्देशानुसार धार्मिक स्थलों से लाऊड स्पीकर एवं खुले स्थान पर मांस विक्री को रोकने के संबध में पुलिस थाना परिसर में एसडीएम गोविंद दुबे, एसडीओपी प्रकाश मिश्रा में थाना प्रभारी मनीष त्रिपाठी द्वारा शांति समिति की बैठक का अयोजन किया गया।

### निशुल्क होगी जांच

**शमशाबाद।** आम जनता को डायबिटीज, ब्लड प्रेशर के प्रति जागरूक करने के लिए लायंस क्लब द्वारा शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आम नागरिकों की निशुल्क जांच की जाएगी। आमजन को डायबिटीज व ब्लड प्रेशर की जांच कराने परेशान न होना पड़े इस समस्या से छुटकारा दिलाने के उद्देश्य से लायंस क्लब शमशाबाद के सौजन्य से आम जनता को डायबिटीज और ब्लडप्रेशर की जांच के लिए सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लायंस क्लब द्वारा जांच मशीनों के साथ एक कर्मचारी की व्यवस्था की गई। बीपी, शुगर के मरीजों की जांच की सुविधा प्रारंभ कर दी है। जिससे की क्षेत्र के लोगों को सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। निशुल्क जांच केन्द्र का अस्पताल प्रांगण में प्रभारी डॉ वैभव मोदी की उपस्थिति में लायंस क्लब के सदस्यों ने पूजा अर्चना करके शुभारंभ किया। लांयस क्लब अध्यक्ष गजेंद्र सिंह यादव ने बताया कि यह सुविधा से प्रत्येक मरीज बीपी, शुगर वाले के लिए एक वरदान साबित होगी। मरीजों को इस सुविधा का कोई भी खर्च नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर एम जे एफ डॉ अजीज खान, डा पीडी माहेश्वरी, जगदीश मोदी, दीपक सोनी, अभिषेक जैन ,राजेश आर्य, राशिद खान, किशन सिंह राजपूत आदि मौजूद रहे।

---

नपा सीएमओ ने मौके पर पहुंचकर नदी से निकलवाई 9 मोटर, दी सख्त हिदायत

# ईंट भट्टा संचालक नदी में पानी की मोटर डालकर खींच रहे थे पानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

इस वर्ष वर्षा कम होने के साथ नगर के केथन डेम के जल स्तर कम होने लगा है और आने वाले समय में नागरिकों को जल संकट का सामना न करना पडें इसके लिए एसडीएम हर्षल चौधरी हर स्तर पर प्रयास करने में लगें है। वही दूसरी ओर नगर की केथन नदी से ईट भट्टे के कारोबारियों द्वारा नदी में मोटर डालकर पानी खीचा जा रहा था। जिसकों लेकर दैनिक हरिभूमि ने 3 दिसम्बर को समाचार प्रकाषित कर स्थानीय प्रषासन व नगर पालिका का इस ओर ध्यान आकर्षित किया था। काफी लंबे समय से शहर व कई ग्रामीणों क्षेत्रों में नदियों के किनारे ईंट भट्टो का संचालन किया जा रहा है। इन ईट भट्टों संचालकों द्वारा ईंट बनाने के लिए उपयोग में लाए जाने वाले पानी के लिए केथन नदी का इस्तमाल किया जा रहा है। वही नगर पालिका सीएमओं राम प्रकाष साहू ने नपा अमले के साथ नगर के वार्ड क्रमांक 19 पहुचकर पचकुईया से लेकर केथन डेम तक नदी किनारे संचालित हो रहें ईट भट्टो के कारोबारियों द्वारा नदी में पानी खीचने के लिए डाली गई 9 मोटरों को निकलवा गया। सीएमओ राम प्रकाष साहू ने बताया कि इस वर्ष बारिष कम होने से केथन डेम का जल स्तर काफी कम है और डेम का जल स्तर कम होने से किसानों को खेतों में सिचाई के लिए नहर भी चालू नही की जा सकती। उन्होने ईट भट्टा संचालकों को समझाइष देते हुए कहा यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा नदी में मोटर डालकर पानी खीचा गया तो उक्त व्यक्ति की मोटर जब्त कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।


जिम्मेदार विभाग की उदासीनता से शासन को लग रही है मोटी चपत

सरकारी जमीन पर नाजायज कब्जा कर धड़ल्ले से चलाए जा रहे ईंट भट्टे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

मोटर डालकर खीचा जा रहा पानी, नदी हुई कीचड़ में तब्दील

खुलेआम चल रहा कारोबार

प्रदूषण के साथ-साथ नदियों को भी सुखाया

राजस्व को हो रही हानि

सालों से संचालित हो रहे ईंट-भट्टे

मिट्टी की उर्वरता शक्ति होती है कम

लकड़ी की भी हो रही कटाई

मिट्टी का हो रहा अवैध परिवहन

इनका कहना है

### कीचड़ में तब्दील हुई केथन नदी

*ईट भट्टो के कारोबारियों ने केथन नदी से पानी खीचकर नदी को कीचड़ में तब्दील कर दिया है। भट्टों संचालकों द्वारा केथन नदी में मोटर डालकर नदी का पानी खीचा रहा है। जिस कारण नदी का जल स्तर कम होने से नदी कीचड़ में तब्दील होती जा रही है। उक्त कीचड़ से निकलने वाली बदबू के कारण आम नागरिकों का नदी किनारे से निकलना भी दूभर हो गया है। साथ ही भट्टों संचालकों द्वारा ईट पकाने के लिए भट्टो में लगाई जाने वाली आग के कारण क्षेत्र में काफी प्रदूषण फैल रहा है। जैसे ही इन भट्टो में आग लगाई जाती है वैसे ही पूरे आसमान व आसपास मुख्य सड़क पर धुआं फैल जाता है और सुध वातावरण में पूरी तरह दूषित हो जाता है।*

---

श्रद्धालुओं ने की पुष्पवर्षा

## भागवत कथा में सुनाया श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग



**सिरोंज।** ग्राम भौरिया में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के छठवे दिन कथा वाचक पंडित आचार्य अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह को एकाग्रता से सुना। श्रीकृष्ण-रुक्मणि का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर भारी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। श्रद्धालुओं ने विवाह के मंगल गीत गाए। कथा के मुख्य यजमान द्वारा दीप प्रज्जवलित किया। प्रसंग में शास्त्री ने कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह चेदिनरेश राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। वे द्वारिकापुरी आ ही रहे थे कि उनका मार्ग रुक्मी ने रोक लिया और कृष्ण को युद्ध के लिए ललकारा। तब युद्ध में श्रीकृष्ण व बलराम ने रुक्मी को पराजित करके दंडित किया। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया।

---

## लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा केंद्रों का संभागायुक्त ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

म.प्र. लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 का संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने ज्वाइंट कमिश्नर डॉ. अनिल द्विवेदी, सहायक नोडल अधिकारी वाय पी सिंह के साथ उत्कृष्ट विद्यालय में बने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया ।

शहर के 17 परीक्षा केंद्रों पर दो सत्रों में आयोजित की गई, परीक्षा हेतु जिला मुख्यालय सागर में 6644 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होना थे जिसमे से प्रथम पाली में 5168 (77.8 प्रतिशत) तथा द्वितीय पाली में 5114 (77.0 प्रतिशत) विद्यार्थी सम्मिलित हुए । परीक्षा के लिए आयोग के समस्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन किया गया । सागर जिले में कुल 17 परीक्षा केंद्र जिसमें आई.टी.आई. खुरई रोड़ सागर, ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय तिली, रविशंकर स्कूल, मोतीनगर; शास.उ. मा.वि. पुरानी सदर; इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज बहेरिया; बी.टी. आई.ई, मकरोनिया; एम. एल. बी क्रं02, शास. महाविद्यालय, मकरोनिया, ओजस्वनी नर्सिंग कॉलेज, इंफ़्रींनिटी इंजीनियरिंग कॉलेज, पथरिया; इमानुएल स्कूल; शास. कला एवं वाणीज्य महा विद्यालय, तिली; शा. उत्कृष्ट उ. मा.वि., नगर निगम के सामने; बी.टी. आई.आर.टी इंजीनियरिंग कॉलेज, सिरोंजा; जैन उ. मा.वि., बस स्टेंड के पास; ज्ञान सागर इंजीनियरिंग कॉलेज, सिंरोंजा; शास. कन्या उत्कृष्ट महाविद्यालय, बस स्टेंड के पास आदि में म.प्र. लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2023 की परीक्षा सम्पन्न हुई।



---

## जैन तीर्थ बचाओ धर्म बचाओ के जन आंदोलन का नगर के जैन समाज ने किया समर्थन

### वाहन रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचकर समाजजनों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

रविवार को जैन समाज सिरोंज ने वाहन रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुचकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एंव गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र भाई पटेल के नाम एक ज्ञापन सौंपा।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि 1 अक्टूबर 2023 को जैन श्रद्धालुओं के एक समूह ने उक्त स्थल पर दर्शन करने का कार्यक्रम बनाया था, जिसकी पूर्व सूचना 30 अक्टूबर 2023 को जिला प्रशासन और पुलिस विभाग को सुरक्षा प्रदान करने हेतु दी थी, लेकिन जैन यात्रियों को कोई सुरक्षा प्रदान नहीं की गई और दर्शन के दौरान वहाँ पर उपस्थित पंडो द्वारा धारदार हथियारों से तीर्थ यात्रियों पर प्राण घातक हमला करने एवं दुर्व्यवहार किया गया था। इसको लेकर जैन समाज ने विशाल विरोध रैली व सभा के माध्यम से विश्व जैन संगठन द्वारा नयी दिल्ली के प्रसिद्ध रामलीला मैदान सहित सम्पूर्ण देश में संयोजित देशव्यापी जैन तीर्थ बचाओं धर्म बचाओ जनआन्दोलन का समर्थन करते हुए कहा कि पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के अनुसार गुजरात में गिरनार पहाड़ियों और 5 वी टोंक पर किए गए अवैध और अनधिकृत निर्माण /संरचनाओं को हटाकर 15 अगस्त 1947 की जैन टॉक वाली स्थिति बहाल की जाए। जैन अनुयायियों के लिए जैन पद्धति अनुसार पूजा, अभिषेक और सामग्री चढ़ाने की अनुमति प्रदान की जाए और पांचवीं टॉक पर पाषाण में उत्कीर्ण भगवान नेमिनाथ की पद्मासन प्रतिमा को श्रद्धालुओं को दर्शन हेतु सार्वजनिक किया जाए, उक्त जानकारी राकेष जैन भौरिया द्वारा दी गई।



---

## नगर में नहीं रैन बसेरा: धर्मशाला, 6 हजार गरीबों नर्मदा परिक्रमावासियों को मंदिर प्रांगण का सहारा


हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

भोपाल-जबलपुर फोरलेन 45 पर बरेली सबसे बड़ा प्रमुख प्रशासनिक स्थान है। प्रतिदिन अन्य स्थानों से लोगों का भारी संख्या में आना-जाना लगा रहता है। इसी के साथ माँ नर्मदा की दूरी बगलबाड़ा, सिर्फ 9 कि.मी. तो अलीगंज, मांगरोल, डूमर, घाट पिपरिया तरफ 20 कि.मी. होने से हमेशा नर्मदा परिक्रमावासियों का बरेली आगमन होता रहता है। बरेली में न तो रैन बसेरा है और न ही धर्मशाला है। नर्मदा प्रिक्रमावासी मंदिर प्रांगण में डेरा डालते हैं, वहीं अन्य गरीब लोग दुकानों के सामने बने टीन शेड को रात्रि विश्राम के लिए असुविधापूर्ण स्थिति में उपयोग करते हैं।

बरेली एडीजे न्यायालय है, अनुविभागीय, राजस्व न्यायालय, सिविल अस्पताल है। जहां प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का विभिन्न कार्यो से आगमन होता है। विशाल सिविल अस्पताल भवन तो है परंतु मरीजों के साथ आए परिजनों के ठहरने की कोई व्यवस्था नही है। पिपरिया रोड पर वर्षो पूर्व अंबेडकर भवन का निर्माण लाखों रूपये खर्च कर हुआ परंतु उसका उपयोग नही हो रहा है। कृषि उपज मंडी में प्रतिदिन सैकड़ों किसान अपनी उपज, ट्रेक्टर-ट्रालियां लेकर आते हैं परंतु मंडी प्रांगण में न तो किसानों के रात्रि विश्राम, ठहरने की समुचित व्यवस्था है और न ही मंडी बोर्ड की योजनानुसार भोजन इत्यादि की व्यवस्था है।ठंड हो या गर्मी किसान अपनी उपज की सुरक्षा के लिए ट्रेक्टर-ट्रालियों के ऊपर या उपज के ढेर के पास किसी प्रकार राते बिताने मजबूर बने हुए हैं।

### मंदिर प्रांगण, टीनशेडों का सहारा

गरीब लोग बरेली आते हैं, जो भारी शीत में लाज में नही ठहर सकते, नगर में एक भी धर्मशाला, रैन बसेरा न होने से महिला हो या पुरूष दुकानों के सामने टीन के सहारे खुले और असुरक्षित स्थिति में रात्रि विश्राम करना मजबूरी बनी रहती है। नर्मदा परिक्रमावासी और धार्मिक प्रवृति के महिला-पुरूष संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण में रात्रि विश्राम करते रहते हैं। नगर में हि.उ.स. के पास विशाल भवन है, इसी के साथ मानस सत्संग भवन के पास भी विशाल सुविधा पूर्ण भवन है, जिसका उपयोग सिर्फ आयोजन में होता है। वर्तमान में भारी शीत का प्रकोप बना हुआ है। सर्द रातों में खुले में रात्रि विश्राम करना अत्याधिक जोखिम भरा बना हुआ है। जिसमें गरीबों, बाहरी व्यापारियों को ठहरने रैन बसेरा, धर्मशाला का न होना भी चर्चा का बिषय बना हुआ है।



---

### पात्र हितग्राहियों को मिलेगा केंद्र शासन की योजनाओं का लाभ

**नटेरन।** आज जनपद पंचायत नटेरन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत रावन एवं खाईखेड़ा में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ भाजयुमो जिला अध्यक्ष देवेश मीणा ने किया। ग्राम के सरपंच श्रीमती प्रीति राजेश धाकड़ द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा शपथ दिलाई गई एवं कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। जनपद सीईओ जितेंद्र ठाकरे ने इस यात्रा के उद्देश्य के बारे में विस्तार से बताया। वहीं देवेश मीणा ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जन जन तक पहुंचाना है। संकल्प यात्रा में प्रमुख रूप से स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग, पशु चिकित्सालय, महिला बाल विकास विभाग, जनपद विभाग सहित सभी विभागों के स्टॉल लगाए।
इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण तिवारी, मंडल अध्यक्ष सचिन तिवारी, अरविंद अहिरवार राजेश धाकड़ एसीईओ जिला पंचायत पंकज जैन, सीईओ जितेंद्र धाकरे सहित अधिकारी मौजूद रहे।

---


## ज्ञान ज्योति अकादमी स्कूल में फन फेयर हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

ज्ञान ज्योति अकादमी स्कूल में फन फेयर का आयोजन विद्यालय के छात्रों द्वारा प्रस्तुत किया गया । इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं में सर्वधर्म समभाव को प्रस्तुत कर संविधान को सर्वोपरि सिद्ध करना है।

इस आयोजन में स्कूली बच्चों के द्वारा तैयार की गई ग्रीटिंग कार्ड, पेंटिंग्स, रंगोली के साथ-साथ सभी धर्म उनके धर्म ग्रंथो का सामान्य परिचय प्रस्तुत किया गया। धर्म ग्रंथों की गैलरी में सर्वप्रथम सिख धर्म गुरु ग्रंथ साहिब का परिचय उसके बाद इस्लाम, क्रिश्चियन (इसाई), बौद्ध, जैन, गीता, महाभारत, रामायण और वेदों को प्रदर्शित कर अंत में भारतीय संविधान को विहंगम रूप में बाबा साहब अम्बेडकर के चित्र के साथ भारतीय संविधान की पुस्तक को दिखाया गया। इस प्रस्तुति के साथ ही विद्यालय के छात्रों ने अपने-अपने घर से बनाई हुई ख़ानपान की छोटी-छोटी दुकानें भी लगाईं। जिसमें सूप,गर्म कचोड़ी, इडली, फुलकिया, कुल्हड़ चाय, सहित मीठा पान के स्टॉल लगाए गए।

आयोजन को देखने के लिए शहर के सभी गणमान्य नागरिक, बच्चों के अभिभावक, सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे। स्कूल में बच्चों द्वारा लगाई गई पेंटिग, रंगोली सहित प्रदर्शनीयो की सभी ने प्रशंसा की अभिभावकों ने कहा कि यह आयोजन क्षेत्र में अपने आप में विशिष्ट है और आज भारतीय समाज को भी इसी की आवश्यकता है। आयोजन में बच्चों सहित अभिभावकों ने प्रदर्शनियों के साथ सेल्फी ली। इस अवसर पर स्कूल संचालक मुकेश आर्य, आचार्य उमेश, रीतेश श्रीवास्तव, जितेन्द्र विश्वकर्मा, प्रदीप साहू, खुशबू साहू, प्राची जैन, मंत्शा खान, सोनम साहू, मोनिका साहू, देवेश आर्य प्राचार्य सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित थे।



---

# खरगोन जामगढ़ मार्ग पर बना अंडरब्रिज चार सालों बाद भी नहीं हो सका चालू, लगाना पड़ता है 10 किमी चक्कर

खरगोन आने-जाने में लंबा चक्कर लगाना मजबूरी बना हुआ है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली/ खरगोन

फोरलेन 45 के निर्माण के दौरान खरगोन-जामगढ़ मार्ग पर एमपीआरडीसी, सड़क निर्माण ठेकेदार द्वारा ग्रामीणों, किसानों, वाहन चालकों की सुविधा को दर किनार कर मार्ग बना दिया।

ग्रामीणों द्वारा आंदौलन, ज्ञापन देकर अंडर ब्रिज निर्माण की मांग की जाती रही। आखिरकार ग्रामीणों का संघर्ष कामयाब हुआ और अंडर ब्रिज का निर्माण हो गया। अंडर ब्रिज का निर्माण हुए चार वर्ष बीत गए परंतु अभी तक चालू न होने से 10 ग्रामों के लगभग 10-10 हजार ग्रामीणों, वाहन चालकों को लंबा चक्कर लगाकर खरगोन आना-जाना मजबूरी बना हुआ है। कस्बा खरगोन आसपास के 20-25 ग्रामों के बीच प्रमुख व्यापारिक केन्द्र है। सरकार और प्रायवेट हाई सेकंडरी और हाई स्कूलों में पढ़ने सैकड़ों छात्र-छात्राएं आते हैं। अंडर ब्रिज के बाद ही खरगोन की उपमंडी स्थित है। कृषि प्रधान क्षेत्र होने से प्रतिदिन किसान अपनी उपज लेकर खरगोन आते हैं। सवाल यह है कि ठेकेदार ने जमीन खोदकर अंडर ब्रिज का निर्माण कर दिया परंतु उसे क्रांकीट सीमेंट या डामर की सड़क निर्माण कर चालू क्यों नहीं किया जा रहा। जिससे खरगोन आने-जाने में लंबा चक्कर लगाना पड़ता है।



**ब्रिज निर्माण में तकनीकि खांमियां:** ब्रिज ठेकेदार द्वारा करोड़ों की राशि से फोरलेन 45 सड़क एवं अनेक पुल, पुलिया, ओवर ब्रिज, अंडर ब्रिज का निर्माण किया गया, उसके द्वारा खरगोन-जामगढ़ मार्ग पर अंडर ब्रिज के निर्माण के दौरान अनेक तकनीति खांमियां बनी रहीं। अंडर ब्रिज जमीन खोदकर बनाया गया। पानी निकासी के लिए नालियों का निर्माण नही किया गया। सड़क नीची और साईडें मिट्टी ऊंची क्यों बनी रही। ऐसे सवाल और कारण हैं जिससे लाखों की राशि खर्च कर अंडर ब्रिज बना और उसका लाभ भी ग्रामीणों, किसानों को नही मिल पा रहा है।

### जानलेवा हादसे

खरगोन से जामगढ़-भगदेई की दूरी मात्र 8 कि.मी. है। जामगढ़-भगदेई प्राचीन ऐतिहासिक ग्राम है। जामवंत की गुफा, तालाबों एवं प्राचीन सिद्ध मंदिरों के कारण दर्शनीय स्थल भी है। जामगढ़ की ओर से खरगोन आने-जाने के लिए 3-4कि.मी. फोरलेन पर सफर करना पड़ता है। मार्ग पर भारी यातायात बना रहता है। अनेक जानलेवा हादसे पिछले महिनों में हो चुके हैं। प्रश्न यह है कि यातायात सुविधा के लिए ग्रामीणों ने आंदोलन किया और ठेकेदार ने अंडर ब्रिज का निर्माण कर दिया, चार वर्ष बीत गए उसे चालू नही किया गया, क्या फिर ग्रामीणों को अंडर ब्रिज चालू करवाने आंदौलन करना पड़ेगा, जिम्मेदारों की उदासीनता 10 ग्रामों के निवासियों पर भारी पड़ रही है। डीजल-पेट्रोल और समय की बर्बादी हो रही है।

---

## पत्रकार संघ लटेरी की बैठक हुई, जिला प्रतिनिधि नियुक्त



**लटेरी।** रविवार को प्रेस क्लब इकाई लटेरी द्वारा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें प्रेस क्लब जिला अध्यक्ष अटल तिवारी एवं देवेंद्र तिवारी सहित लटेरी के प्रेस क्लब के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे। लटेरी प्रेस क्लब इकाई अध्यक्ष पवन अहिरवार द्वारा जिला अध्यक्ष अटल तिवारी का साफा बांधकर शाल श्रीफल पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया गया। बैठक का आयोजन पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में हुआ जिसमें संगठन से संबंधित कई विषयों पर चर्चा की गई और संगठन को कैसे मजबूत बनाया जाए इस पर प्रकाश डाला गया साथ ही जिला प्रतिनिधि का चयन किया गया। वरिष्ठ पत्रकार प्रशांत कटियार का चयन हुआ। जिसमें सभी पत्रकार साथियों ने अपनी सहमति दर्ज कराई। सभी पत्रकार साथियों ने प्रशांत कटियार को बधाई दी। बैठक में सतीश श्रीवास्तव, विजय जैन, शैलेंद्र रघुवंशी, पवन अहिरवार, उदय शर्मा, बबलू शर्मा, राजेश यादव, सुमेर राजपूत, प्रवीण शर्मा, देवेंद्र तिवारी सहित समस्त पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### गतिविधियों के लिए 25 तक आवेदन आमंत्रित

सीहोर। शासन द्वारा मत्स्यपालन को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना संचालित की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत विभिन्न गतिविधियों के लिए 25 दिसंबर तक आवेदन प्राप्त किए जा रहे है। रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए मछली पालन का काम करने वाले लोगों को शासन की ओर से योजना लागत व्यय का 40 एवं 60 फीसदी तक अनुदान दिया जाएगा। मत्स्योद्योग के सहायक संचालक प्रियंक श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत स्वयं की भूमि पर तालाब निर्माण, मत्स्यबीज उत्पादन हेचरी, मत्स्यबीज प्रक्षेत्र, बायोफ्लॉक पोण्ड निर्माण, फिशफीड मिल, मत्स्य कियोस्क निर्माण, आईसप्लांट निर्माण, केज, रेफ्रिजिरेटिव व्हीकल, मोटर साईकिल/ऑटोरिक्शा के लिए अनुदान की पात्रता है। इसके लिए आवेदक 25 दिसंबर तक आवेदन मत्स्य विभाग के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत जिले के मत्स्य पालन क्षेत्र से जुड़े कृषकों, युवा उद्यमियों और महिला वर्ग के हितग्राहियों को अनुदान दिया जाता है।

### नगर में 95 फीसदी मांस विक्रेताओं के पास नहीं है लाइसेंस

# 45 मांस विक्रेताओं ने सीएमओ के साथ की बैठक, लाइसेंस बनवाने किया आवेदन

कार्रवाई का सता रहा डर, नगर में संचालित हो रही मात्र आधा दर्जन मांस विक्रेताओं के पास ही है लायसेंस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर में 95 फीसदी मांस की दुकानें बिना लायसेंस के संचालित हो रही है। बावजूद इसके खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम बिना लायसेंस के कारोबार करने वालों पर कार्रवाई करने नहीं पहुंची है। वहीं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के आदेश के बाद मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना ने नगर में बिना लायसेंस मीट व्यवसाय करने पर कार्यवाही करने की मुनादी कराने के साथ ही इस व्यवसाय से जुड़े 45 दुकानदारों ने तत्काल नगरपालिका पहुंचकर श्री श्रीवास्तव से भेंट कर लायसेंस बनवाने का आग्रह किया। उन्होंने समझाइस देकर अपनी खाना पूर्ति कर सोमवार 18 दिसंबर को लायसेंस बनवाने की बात कही।

बता दें कि नगर में अनेक स्थानों पर मीट की दुकान संचालित होती है और मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री श्रीवास्तव के अनुसार नगर पालिका से सिर्फ 6 लायसेंस बने हैं तथा कुछ ने खाद्य विभाग से लायसेंस बनवाए हैं ,वह भी गिनती के हैं। लेकिन समय के साथ साथ मांस विक्रेताओं की संख्या बढ़ना शुरु हो गई, जिसके चलते यह विक्रेता पिछले कुछ वर्षों से मीट मार्केट से बाहर निकलकर सड़क पर खुले में मांस का विक्रय कर रहे हैं। वहीं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन सिंह यादव के निर्देश के बाद भी आष्टा नगर में मांस का खुले में विक्रय चल रहा है। हालांकि मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद शनिवार को आष्टा नगर पालिका ने नगर में मुनादी कराई, जिसमें बताया गया कि बिना लायसेंस के मांस की दुकानें नहीं चलेगी। साथ ही खुले में मांस एवं अंडों का विक्रय किसी भी तरह से बर्दाशत नहीं किया जाएगा। लेकिन नगर पालिका की मुनादी के बाद भी दिनभर मांस की बिक्री चलती रही। ऐसे में नगरपालिका के अधिकारी और कर्मचारियों ने जहां सरकार के नए नियमों के बारे में मांस विक्रेताओं को अवगत कराया।

# गैस एजेंसियों पर ई-केवायसी कराने लग रही भीड़

### 30 दिसंबर तक होगी ई-केवाईसी



आष्टा। गैस एजेंसी पर ई- केवाईसी के लिए महिलाओं की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अगर आप चाहते है कि शासन की योजना अंतर्गत आपको सस्ता घरेलू गैस सिलेंडर मिले, तो अब सभी गैस उपभोक्ताओं को ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। यह प्रक्रिया पूरी नहीं करने वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी मिलनी बंद हो सकती है। विधानसभा चुनाव के पूर्व भाजपा और कांग्रेस ने 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने के वायदा किया था। इसके चलते ऑयल कंपनियों ने मतगणना के नतीजे आने से पहले ही चुनावी सिलेंडर बांटने के लिए तैयारियां शुरू करते हुए ई-केवाईसी को अनिवार्य कर दिया है।

#### उज्ज्वला योजना के हैं 10 हजार गैस कनेक्शन

आष्टा में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 10 हजार गैस कनेक्शन हैं। ऐसे में गैस कनेक्शनधारियों को एजेंसी आकर प्रक्रिया पूरी करनी होगी। गैस एजेंसियों पर फिलहाल निःशुल्क व्यवस्था है, स्थिति यह है कि लोग दिलचस्पी दिखा रहे हैं।शहर में घरेलू गैस सिलेंडर वर्तमान में 950 रुपए में उपलब्ध है। इसमें केंद्र सरकार से डीबीटीएल के जरिए मात्र 24 रुपये की सब्सिडी मिल रही है। यह भी किसी उपभोक्ता के खातों में आ रही है तो किसी में नहीं। मतलब आम उपभोक्ता को एक सिलेंडर के लिए करीब 950 रुपए ही देना पड़ रहे हैं ।लेकिन अब यही गैस सिलेंडर 500 रुपए तक में मिलने वाला है। क्योंकि विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही शीर्ष पार्टियों ने इसके लिए घोषणा की थी। ऐसे में प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही आम आदमी को गैस सिलेंडर 500 रुपए में मिलना तय है। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने इसके लिए अपने स्तर से प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। एजेंसियों पर उपभोक्ता इसकी प्रक्रिया को पूरी करवा रहे है। जिसके लिए महिलाओं की काफी भीड़ गैस एजेंसियों पर नित्य देखी जा रही है।

ई-केवाईसी नहीं तो सब्सिडी से वंचित होना पड़ेगा जिले में संचालित इंडेन, एचपी और भारत गैस की एजेंसियों को ई-केवाईसी की प्रक्रिया शुरू कर हर गैस कनेक्शनधारी से 30 दिसंबर तक पूरा करने कहा गया है। फर्जी कनेक्शन बंद करने और सब्सिडी लीकेज कम करने के लिए ई-केवाईसी को जरूरी किया गया है। इसके लिए सभी गैस एजेंसियों को आदेश जारी करने के बाद अब ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने उपभोक्ता को भी इसकी सूचना देनी शुरू कर दी है।

#### बायोमेट्रिक के माध्यम से ईकेवाईसी अनिवार्य

गैस एजेंसी संचालकों की माने तो सभी घरेलू गैस उपभोक्ता जो सब्सिडी प्राप्त कर रहे हैं, उनको गैस एजेंसी पर आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ आकर बायोमैट्रिक के माध्यम से ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। ऐसा नहीं कराने वाले उपभोक्ताओं को सब्सिडी से वंचित होना पड़ेगा। लाड़लियों से आवेदन लेते समय भी आई थी समस्या चुनाव के पहले भाजपा ने लाड़ली बहनाओं को सस्ता सिलेंडर देने के लिए आवेदन बुलवाए थे। आचार संहिता के पहले तक काफी आवेदन आए थे। इसमें कुछ आवेदन में नाम मिस मैच होने की समस्या सामने आई थी, तो अनेक की एलपीजी आईडी नहीं थी। ऐसे में अब सभी के लिए ई-केवायसी को अनिवार्य किया गया है। जिसमें सभी उपभोक्ताओं को कवर करने के लिए काफी समय भी लगना है।

### आस्था और उत्साह के साथ किया गया श्रीराम-माता जानकी विवाह, बारात का किया स्वागत

सीहोर। रविवार को शहर के कस्बा स्थित श्रीराम मंदिर राठौर समाज धर्मशाला में विवाह पंचमी के अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम और सीता का विवाह उत्सव बड़े ही उत्साह के साथ श्रद्धालुओं द्वारा मनाया गया। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम और माता सीता का पूरे विधि विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्री राम विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया। जहां पूरे कस्बा क्षेत्र में श्री राम भगवान की बारात निकाली गई और इस बारात में सैकड़ों की संख्या में भजन कीर्तन ढोलक की थाप पर नाचते गाते हुए पूरे क्षेत्र में बारात निकाली गई। इस दौरान जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।

# जन्म हुआ है, तो मौत भी निश्चित है, इसलिए हमेशा मस्ती से जीवन का आनंद लें: पंडित मिट्ठूपुरा सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



हमेशा याद रखना कि ,जब हमारा जन्म हुआ है। तो निश्चित ही एक दिन हमें मरना भी है। इसलिए हमेशा मस्ती से जीवन का आनंद लेना। वर्तमान में जीना यही जीवन का असली आनंद है। आया है सो जाएगा राजा रंग फकीर। एक सिंहासन चढ़ चला, और एक बांध जंजीर। उक्त प्रेरक विचार श्री श्याम श्याम चैरिटेबल ट्रस्ट एवं शिव शक्ति महिला मंडल द्वारा खंडेलवाल ग्राउंड पर आयोजित सात दिवसीय संगीत मय श्री राम कथा के दूसरे दिन व्यास पीठ पर विराजमान राम कथा के मर्मज्ञ विद्वान संत श्री मिट्ठू पुरा सरकार द्वारा व्यक्त किए गए।

आगे महाराज श्री द्वारा राम नाम और सत्संग के महत्व पर बड़े ही भावपूर्ण ढंग से वर्णन किया। राम के जैसा नाम नहीं, राम के जैसा राज नहीं, और राम के जैसा बाण नहीं, राम जी ने तो अपने जीवन में केवल एक तपस्वी गौतम ऋषि की पत्नी माता अहिल्या का उद्धार किया। पर राम के नाम से तो करोड़ों करोड़ों मनुष्यों का उद्धार हो गया। राम एक तापस तीय तारी।नाम कोटी खल कुमति सुधारी। इसलिए कलयुग में रामनाम का विशेष महत्व है। यही कली कर्म ना भगति विवेकु। राम नाम अवलंबन एकु।और इस धरा धाम पर राम जी के अवतार के अनेक कथाएं हैं। जिसमें भगवान विष्णु के द्वारपाल जय विजय की कथा, राजा प्रताप भानु की कथा, मनु शतरूपा को वरदान सहित सभी कथाओं को बड़े ही विस्तार से सुनाया । राम जन्म कर हेतु अनेका। परम विचित्र एक ते एका। इसके अलावा भी राम कथा के अनेक गुढ विषयों को महाराज श्री द्वारा स्पर्श किया गया ।कथा के मध्य राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त बांसुरी वादक रघुवीर सिंह ठाकुर के द्वारा गाए हुए मधुर भजनों पर सभी हरि भक्तों द्वारा भाव विभोर होकर झूम-झूम कर नृत्य किया। कथा में पधारे वरिष्ठ पत्रकार राजीव गुप्ता जी का समिति द्वारा साफा बांधकर सम्मान किया गया।

प्रसाद बहादुर सिंह ठाकुर बापचा दौनिया की ओर से वितरण किया गया। इस अवसर पर पंडित हरिशंकर शर्मा कथावाचक अर्जुन ककरिया खेड़ी, वरिष्ठ पत्रकार राजीव गुप्ता, रघुवीर सिंह महतवाडा,राजेंद्र सिंह बेदखेड़ी, प्रदीप सिंह शोभा खेड़ी ,हेमंत राठौड़, विक्रम सिंह सेक्रेटरी रमेश चौरसिया ,नारायण सिंह हरनावदा तेज सिंह राठौड़ भगवत सिंह मेवाडा, जीवन सिंह अध्यापक, सवाई सिंह दोनिया, अमन बैरागी, मानकुंवर मेवाड़ा, राजू राठौड़ सहित बड़ी संख्या में भक्तगण पधारे और कथा श्रवण का लाभ प्राप्त किया।

# नसबंदी शिविर में 71 ने कराए ऑपरेशन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सिविल अस्पताल एवं जावर के सामुदायिक अस्पताल में नसबंदी ऑपरेशन कराने में पुरुषों की रुचि नहीं है दूसरी तरफ सिविल अस्पताल में पदस्थ चिकित्सा गण स्वयं नसबंदी ऑपरेशन नित्य करने की बात कहते हैं लेकिन बाहर से बुलाकर नसबंदी शिविर आयोजित किया जा रहा है यह कहां तक ठीक है अभी तक 953 नसबंदी ऑपरेशन में मात्र 19 पुरुषों ने नसबंदी कराई है वहीं आष्टा एवं जावर में हाल ही में संपन्न नसबंदी शिविर में 71 महिलाओं ने नसबंदी ऑपरेशन कराए हैं।

पुरुषों में नसबंदी कराने को लेकर अब भी भ्रांति बनी हुई है। खुद तो इसके लिए आगे आते नहीं, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की टीम समझाने पहुंचे, तो उन्हें भी गलत जवाब दे देते हैं। टीम में शामिल पुरुष कर्मचारियों को तो यहां तक सुना देते हैं कि आप स्वयं अपनी नसबंदी करा लो। वहीं डॉक्टरों भूपेंद्र परमार की मानें, तो हकीकत में नसबंदी के कोई भी साइड इफेक्ट नहीं हैं, लेकिन मर्दानगी खत्म होने समेत अन्य भ्रांतियों के कारण लोग सहज तैयार नहीं होते।

परिवार नियोजन में पुरुषों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पुरुष नसबंदी के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। हाल ही में 21 नवंबर से पूरे प्रदेश में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा शुरू किया गया था, जो कि 4 दिसंबर तक चला। इस दौरान लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक कर उनके मन की भ्रांतियों को दूर कर नसबंदी के लिए तैयार करना था, लेकिन पखवाड़ा बीत जाने के बाद भी कोई खास परिणाम स्वास्थ्य विभाग के हाथ नहीं लगे हैं। महिला और पुरूषों को जागरूक कर रहे है। आष्टा में तो इस पूरे वित्तीय वर्ष में अब तक मात्र 19 व्यक्तियों ही नसबंदी कराने के लिए राजी हुए।

# नपा ने नागरिकों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 के तहत अंतर्गत नगर पालिका परिषद आष्टा के न. पा. अध्यक्ष हेमकुंवर राय सिंह मेवाडा मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना के आदेशानुसार और एवी एस कंसल्टेंसी टीम के द्वारा नगर में स्वच्छता क्लीन टॉयलेट अभियान चलाया जा रहा है।




आष्टा। नपा अमले ने चलाया जागरूकता अभियान।

स्वच्छता क्लीन टॉयलेट अभियान के द्वारा नगर के रहवासियों को जागरूक किया गया तथा उन्हें समझाया गया कि आप अपने निकाय के सार्वजानिक शोचालय का उपयोग करे। हमारे आसपास किसी भी प्रकार के यलो और रेड प्रकार की गन्दगी नही करना है। हम सभी को मिलकर हमारे नगर को साफ़ और स्वच्छ बनाना है। तथा जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत निकाय में स्थित सार्वजनिक शौचालय जनपद पंचायत के पास, एवं कन्नौद रोड मंडी गेट के पास, मुक्तिधाम के सामने वाले सार्वजनिक शौचालय की साफ सफाई करवाई गई। जन जागरूकता अभियान में से भागीदारी में रहे उपस्थित। नपा के एस आई विनोद सांगते, ज्ञानसिंह बामनिया, योगी सक्सेना, जमादार मनोज, रवि, राजू, अंकित, मखमल, रेहान पठान शिवलाल यादव, जितेंद्र मेवाड़ा, राकेश मेवाड़ा, भूपेंद्र, शिव कुमार, देवबगस रैकवाल, नंदलाल झा सहित अन्य उपस्थित थे।

# धन तो बढ़ रहा है, लेकिन शांति भी घट रही: अभय मुनि महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

हम सभी को शांति चाहिए।आज धन बढ़ रहा है लेकिन शांति घट रही है। धर्म जो दे सकता है वह कोई नहीं। सभी रोगों की दवाई मिल सकती है ,लेकिन शांति की दवाई नहीं मिलती है।

भगवान कह रहे हैं अनंतकाल से साधना-आराधना कर रहे हैं।हर निमित्त को उपकार मानो। भगवान महावीर स्वामी पर उपसर्ग आया ,उन्होंने अपने कर्म को माना। निमित्त को दोष नहीं दिया।आज लोग निमित्त को दोष देते हैं। जैन धर्म कर्तव्य सिखाता है।रग -रग में क्षमा और मैत्री भाव रखना चाहिए। किसी के भी प्रति अशुभ भाव नहीं रखें। कैंसर का इलाज किमो से करते हैं,शरीर को असाता होती है।आप लोगों को शरीर से मोह है, जिनवाणी से मोह करें और यह भाव रखें कि निरोगी रहकर नित्य जिनवाणी श्रवण करु।

उक्त बातें महावीर भवन स्थानक में विराजित अभय मुनि जी ने आशीष वचन देते हुए कहीं। आपने कहा कि तपस्या पुण्य बढ़ा सकती है। महापुरुष कहते हैं क्रोध को क्षमा में बदल दो।बैर कभी नहीं बढ़ाए, घटाएं। कषाय बढ़ेगी तो शांति नहीं मिलती। क्षमा और सहनशीलता है तो उस व्यक्ति के जीवन में शांति रहेगी।अभय मुनि जी ने कहा दानवीर दीपचंद गार्डी ने उप राष्ट्रपति का पद अस्वीकार कर दिया था। अपनी साधना -आराधना के लिए। प्रोटोकॉल का पालन करने में उनकी साधना- आराधना छूट जाती। ऐसे दानवीर ने पद को त्यागना स्वीकार किया, लेकिन अपनी धर्म -आराधना नहीं छोड़ी। बच्चों को स्वाध्याय कराएं,साथ ही उन्हें सरल और गुस्सा नहीं करें, ऐसा स्वभाव बनाएं।

गिरीश मुनि जी ने कहा गर्म होने से कीमत घटती है। क्रोध को नियंत्रित करें। क्रोध सांप के समान है। जिनवाणी श्रवण कर आत्मा का सुधार और अपना कल्याण करें।कांच नहीं हीरा बने। गुस्सा नहीं करना है,यह ध्यान रखें। क्रोध बुद्धि को बाहर कर देता है। चिड़िया चुग गई खेत फिर पश्चाताप से कोई फायदा नहीं। इसलिए समय रहते धर्म ध्यान कर अपना मनुष्य जीवन सार्थक करें।

### पाठशाला के बच्चों को सिद्धक्षेत्र वेजयन्तिगिरी की करवाई वंदना

# दिगम्बर जैन मंदिर में पाठशाला का हो रहा संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के आशीर्वाद और परम पूज्य मुनि श्री निर्वेग सागर जी महाराज की प्रेरणा से दिगम्बर जैन समाज आष्टा द्वारा नगर के समस्त दिगम्बर जैन मन्दिर और पाठशाला भवन में पाठशाला का संचालन किया जा रहा है। जिसमे समाज की शिक्षिका बहनों द्वारा प्रतिदिन बच्चो को जिन संस्कृति एवं शास्त्रों का पठन पाठन करवा कर संस्कारो का बीजारोपण किया जाता है, नगर में संचालित उक्त पाठशाला भारत वर्षीय श्रमण संस्कृति शिक्षण संस्थान सांगानेर जयपुर राज. से रजिस्टर्ड की गई है। उन्ही के दिशा निर्देशो व पाठ्यक्रम से पाठशाला का संचालन किया जाता है। पाठशाला के शीतकालीन सत्र के अंतर्गत रविवार को पाठशाला के बच्चों को सिद्धक्षेत्र विजयन्तिगिरी के दर्शन वंदना करवाई गई जहां पर विराजित पूज्य मुनि श्री मार्दव सागर जी महाराज के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया,ओर सिद्धक्षेत्र के विषय मे जानकारी दी गई,साथ ही मनोरंजन खेल कूद,एवं विभिन्न धार्मिक एक्टिविटी करवाई गई। इस अवसर पर पाठशाला के सेकड़ो की संख्या में बच्चों के साथ सञ्चालक मंडल के प्रदीप श्रीमोड, संतोष जैन जादूगर, प्रकाश जैन, मनोज जैन, हेमन्त जैन, शरद जैन पोरवाल, हिमानी जैन ज्योति जैन, कविता जैन, श्वेता जैन, मनीषा जैन, रक्षा जैन, बुलबुल जैन, ज्योति जैन, सोनिका जैन, अभिलाषा जैन आदि शिक्षिका बहने उपस्थित रहे।



# युवा व्यवसायी राष्ट्रीय अभिनव प्रोद्योगिकी कार्यक्रम बेंगलुरु में हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




हमें बनी बनाई लीक से अच्छे और अलग रास्ते पर चल कर विश्व पटल पर नवीन और सार्थक मुकाम बनाना है। हमारे सभी वाहन पेट्रोल और डीजल जैसे आयातित ईंधन से अलग हट कर नवीन ऊर्जा स्त्रोतों से चलायमान हो ताकि हमारी विदेशी मुद्रा से निर्भरता समाप्त हो, देश में प्रदूषण न उत्पन्न हो। इस आशय के प्रेरक विचार केंद्रीय सड़क परिवहन एवम राज मार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बेंगलुरु में आयोजित पांच दिवसीय कार्यक्रम हाइड्रोजन दहन इंजन द्वारा संचालित जे सी बी बेक लोडर के अनावरण कर आगे कहा कि देश में नवीनतम लाभप्रद नवाचार आज विश्व में सराहे जा रहे है। इस कार्यक्रम में आचार्य महामंडलेश्वर जुना पीठाधीश्वर स्वामी अवधेशानंद के आशीष से आष्टा के प्रभु प्रेमी संघ से युवा व्यवसायी अर्थ मूविंग जे सी बी वर्ग में पंच दिवसीय आयोजन में सम्मिलित हुऐ। युवा व्यवसायी इंजीनियर शुभम शर्मा ने इस अभिनव आयोजन को भारत सरकार एवम कर्नाटक सरकार का सार्थक कदम बताते हुऐ कहा की भारत में निर्मित हो रहे अर्थ मूविंग उपकरण आज इंटरनेशनल मार्केट में तेजी से अपना स्थान व्यापक करते जा रहे है अब भारत का एक्सपोर्ट और बड़ेगा। शुभम शर्मा को प्रभु प्रेमी संघ आष्टा के अध्यक्ष सुरेश पालीवाल, महासचिव प्रदीप प्रगति, संरक्षक गण मोहन सिंह अजनोदिया, रामेश्वर खंडेलवाल, केमिस्ट संघ के पूर्व अध्यक्ष अजीत कुमार जैन, कपड़ा रेडीमेड संघ के अध्यक्ष आलोक आर्य, पूर्व पार्षद गण शैलेश राठौर, सुभाष नामदेव, नरेंद्र कुशवाह, बाबूलाल मालवीय, अनिल धनगर, टैक्स एडवोकेट अभिषेक सुराणा, पूर्व नपा अध्यक्ष कैलाश परमार ने बधाई दी है।